Under CSR Support by ipca Foundation missiongyan

# अध्याय - 12 | भंदत आनंद कौसल्लायन (संस्कृति) QUIZ-01

1. **मोती भरा थाल किसे कहा गया है?**

A. आकाश में खिले तारों को B. खेत में लगे फसलों को

C. समुद्र को D. वन को (A)

***स्पष्टीकरण:*** पेट भरा और तन ढ़का होने के बाद संस्कृत व्यक्ति खुले आसमान के नीचे सो रहा था इसलिए उसे "मोती भरा थाल" कहा गया है।

2. **संस्कृति का जनक कौन है?**

A. पेट भरने वाला B. तन ढँकने वाला

C. ज्ञान पैदा करने वाला D. संस्कृत पढ़ने वाला (C)

***स्पष्टीकरण:*** ज्ञान उत्पन्न करने वाला व्यक्ति ही संस्कृति का निर्माता होता है, क्योंकि संस्कृति ज्ञान, आचार और मूल्यों से विकसित होती है।

3. **मनुष्य ने पेट की भूख शांत करने के लिए किसका आविष्कार किया?**

A. औजार B. आग

C. बर्तन D. इनमें से कोई नहीं (B)

***स्पष्टीकरण:*** मनुष्य ने पेट की भूख को मिटाने के लिए आग का आविष्कार किया।

4. **मौसम से बचने तथा शरीर को सजाने के लिए किसका आविष्कार किया गया?**

A. आभूषण B. वस्त्र का

C. सुई-धागे का D. इनमें से कोई नहीं (C)

***स्पष्टीकरण:*** सुई-धागे का आविष्कार मौसम की मार से बचने और शरीर को ढकने व सजाने के लिए किया गया।

5. **मानव की जो योग्यता उससे आत्मविनाश के साधनों का आविष्कार करवाती है, वह कहलाएगी-**

A. संस्कृति B. असंस्कृति

C. सभ्यता D. असभ्यता (B)

***स्पष्टीकरण:*** मानव कल्याण की भावना से हटकर जो भी आविष्कार होंगे वे सभी असंस्कृति कहलायेंगे।

6. **गौतम बुद्ध ने अपना घर क्यों त्याग दिया था?**

A. मानवता के सुख के लिए

B. बौद्ध धर्म की स्थापना के लिए

C. प्रतिष्ठा पाने के लिए

D. इनमें से कोई नहीं (A)

***स्पष्टीकरण:*** गौतम बुद्ध ने मानवता के कल्याण और दुखों से मुक्ति का मार्ग खोजने के लिए घर त्यागा था।

7. **कार्ल मार्क्स ने किसे सुखी देखने का स्वप्न देखा था?**

A. परिवार को B. मजदूरों को

C. समाज को D. इनमें से कोई नहीं (B)

***स्पष्टीकरण:*** कार्ल मार्क्स ने शोषण से मुक्त एक ऐसे समाज की कल्पना की थी जिसमें मजदूर वर्ग सुखी हो।

8. **संस्कृति का संबंध किससे होता है?**

A. विकास-भावना से B. कल्याण भावना से

C. आस्था से D. विनाश से (B)

***स्पष्टीकरण:*** संस्कृति का मूल उद्देश्य मानव कल्याण होता है, इसलिए इसका संबंध कल्याण भावना से होता है।

9. **मानव को सुख-सुविधा देने वाले साधन क्या कहलाते हैं?**

A. संस्कार B. सभ्यता

C. असभ्यता D. प्रतिष्ठा (B)

***स्पष्टीकरण:*** जब मनुष्य भौतिक सुख-सुविधा के लिए उपकरण बनाता है, तो वह सभ्यता का निर्माण करता है।

10. **लेखक ने विज्ञान के किस वैज्ञानिक का उल्लेख पाठ में किया है?**

A. न्यूटन B. गैलेलियो

C. आइंस्टीन D. चैडविक (A)

***स्पष्टीकरण:*** पाठ में न्यूटन का उल्लेख आया है।

मिशन ज्ञान जब चाहे, जहाँ चाहे, जैसे चाहे
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App